आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 04.10.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 986 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने नशा तस्करी और साइबर अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए।
- विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने अल्मोड़ा में 51वें कृषि विज्ञान मेले का आयोजन किया; आठ सौ से अधिक किसान हुए शामिल।
- **और,** मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने और इनमें जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## वित्तीय स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 986 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।
मुख्यमंत्री ने चम्पावत, हरिद्वार, पौड़ी, देहरादून और ऊधमसिंहनगर सहित कई जिलों में भवन निर्माण, सड़क पुनर्निर्माण, पुल जीर्णोद्धार, पेयजल, विद्युत और बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत की।
मुख्यमंत्री ने पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के तहत जिला, क्षेत्र और ग्राम पंचायतों को किश्तों की राशि जारी करने के साथ ही शहरी निकायों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की।
नाबार्ड वित्त पोषण से सिंचाई विभाग की 16 योजनाओं के लिए 52 करोड़ 81 लाख और एडीबी योजना के तहत ट्रांसमिशन व डिस्ट्रीब्यूशन सुधार कार्यों के लिए 200 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।

## सख्ती से कार्रवाई

कुमाऊं की पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने क्षेत्र में बढ़ते नशा तस्करी और साइबर अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए पुलिस ने 215 संदिग्धों की पहचान की है। इन पर निगरानी के लिए सब–इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, जो लगातार नजर बनाए रखेंगे।
उन्होंने बताया कि ड्रग्स और साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए विशेष फोर्स गठित की जा रही है। साथ ही, साइबर अपराधों को रोकने के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और विशेषज्ञों को थानों में तैनात किया जाएगा।
पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कुमाऊंनी भाषा में साइबर जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

## कृषि विज्ञान मेला

विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित 51वें कृषि विज्ञान मेले का भव्य आयोजन अल्मोड़ा में किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि संस्थान ने अब तक 204 से अधिक फसल प्रजातियों का विकास किया है और यह किसानों के लिए आर्थिक आधार स्तंभ की भूमिका निभा रहा है।
संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत ने बताया कि इस वर्ष संस्थान द्वारा बीएल माधुरी नामक मटर की नई प्रजाति समेत कुल 14 नई फसल प्रजातियों को विकसित किया गया है।
मेले में प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया गया। किसान मदन मोहन गिरी ने बताया कि उन्होंने अपनी बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाकर फल, सब्जी और अन्य फसलों का उत्पादन शुरू किया, जिससे उन्हें अच्छा लाभ मिल रहा है।

इस वर्ष कृषि विज्ञान मेले की थीम ''विकसित कृषि, विकसित राष्ट्र'' रखी गई थी। मेले में राज्य के विभिन्न जिलों से आए करीब 800 किसानों ने हिस्सा लिया। वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई और किसानों को नई तकनीकों की जानकारी दी गई।

## कार्ययोजना निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने और इनमें जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। देहरादून में संबंधित अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिए।

उन्होंने नन्दा राज जात यात्रा मार्गों और रात्रि पड़ावों पर सुविधाओं के विकास की योजना शीघ्र तैयार करने को भी कहा।

मुख्यमंत्री ने बढ़ते यातायात दबाव को कम करने, खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए अभियान तेज करने और फ्लैगशिप योजनाओं का विवरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने और सड़क निर्माण व मरम्मत कार्यों में किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त न करने की बात कही।

श्री धामी ने क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण को प्राथमिकता देने, शिकायत वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने और गड्ढा मुक्त सड़क अभियान की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पैचवर्क का कार्य 31 अक्टूबर तक पूरा करने और मरम्मत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने को भी कहा।

## परीक्षाफल

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाफल सुधार परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। हाईस्कूल में 81 दशमलव तीन–आठ और इंटरमीडिएट में 76 दशमलव दो–सात प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा के कुल परिणाम में उल्लेखनीय सुधार दर्ज हुआ है।

बोर्ड ने चार से 11 अगस्त तक 97 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की थी। इसमें हाईस्कूल के 6 हजार 657 और इंटरमीडिएट के 9 हजार 154 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परिणाम घोषित होने के बाद हाईस्कूल का कुल परीक्षाफल 90 दशमलव सात–सात से बढ़कर 95 दशमलव एक–सात प्रतिशत और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 83 दशमलव दो–तीन से बढ़कर 89 दशमलव पांच–तीन प्रतिशत हो गया है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––**

मुख्यमंत्री ने राज्य वित्त आयोग की सिफारिश के तहत त्रिस्तरीय पंचायतो और शहरी निकायो के लिए सात सौ करोड से अधिक की धनराशि को मंजूरी दी है। इस ख़बर पर अमर उजाला का शीर्षक है– पंचायतो को 361 करोड ,निकायो के लिए 333 करोड की दी मंजूरी। समाचार पत्र के अनुसार मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लिये 986 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी।

प्रदेश में सी एम हेल्पलाइन पर शिकायतों की निस्तारण में देरी पर दैनिक जागरण की खबर हैं– सी एम हेल्पलाइन पर धामी सख्त। हिन्दुस्तान समाचार पत्र मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है– लापरवाह अफसरों पर होगी कार्रवाई।